Nai Dunia (Indore), 06th September 2016, Page - 01

# पांच पुराने आईआईटी के बीच आईआईटी इंदौर बना विजेता

**इंदौर।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी-इंदौर) की स्मार्ट मैन्यूफैक्चरिंग टीम ने नेशनल टेक्नीकल इंस्टीट्यूट्स कॉम्पीटिशन जीत लिया है। पुणे में हुई इस कॉम्पीटिशन में कई दिग्गज कंपनियों ने आईआईटी-इंदौर के साथ भविष्य में प्रोजेक्ट करने में दिलचस्पी दिखाई है।

यह कॉम्पीटिशन दो हिस्सों में हुआ था। जून में इंदौर में हुए रीजनल राउंड में आईआईटी विजेता रहा था। इसके बाद टीम ने फाइनल राउंड के लिए क्वालिफाई किया था। पुणे में हुए फाइनल राउंड में 5 पुराने आईआईटी के साथ ही गुजरात के एक टेक्नीकल इंस्टीट्यूट ने हिस्सा लिया। इसमें आईआईटी इंदौर के स्मार्ट मैन्यूफैक्चरिंग प्रोडक्ट इंडस्ट्री स्मार्टवेयर को सबसे ज्यादा पसंद किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के प्रोजेक्ट होने से एकेडमी व इंडस्ट्री के बीच का गैप कम होगा। आईआईटी ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ मैन्यूफैक्चरिंग के सहयोग से इस प्रोजेक्ट को अंजाम दिया। आईआईटी इंदौर से कार्थिक एस, वैभव बेदी व वैभव पंधारे की टीम ने कॉम्पीटिशन में हिस्सा लिया था।